# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/01 Hindi version**
**Reading and Writing**

## प्रमुख संदेश

- **अभ्यास** 1, 3 और 5 में यदि परीक्षार्थी का उत्तर स्पष्ट है तो पूरा वाक्य लिखने की आवश्यकता नहीं होती है।
- **अभ्यास** 2, में परीक्षार्थी को व्यक्ति का संपर्क विवरण सही क्रम में लिखना ज़रूरी है।
- **अभ्यास** 4 और 6 में भाषा और अंतर्वस्तु दोनों के लिए अंक दिये जाते हैं। यह ज़रूरी है कि इस अभ्यास में परीक्षार्थी वर्तनी और व्याकरण संबंधी ग़लतियों को ध्यानपूर्वक जांच लें।

## सामान्य समीक्षा

सामान्यतः इस वर्ष परीक्षार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लगभग सभी परीक्षार्थियों ने प्रत्येक अभ्यास के निर्देशों का पालन किया। अधिकांश विद्यार्थी **अभ्यास** 1, 2 और 3 के निर्देशों से परिचित नज़र आये। **अभ्यास** 4 में अधिकांश परीक्षार्थियों के सारांश शब्द सीमा के भीतर रहे। इस वर्ष **अभ्यास** 4 और 5 में उल्लेखनीय प्रदर्शन देखने को मिला। कुछ परीक्षार्थियों के लिए **अभ्यास** 6 में सुधार की संभावना है विशेषकर भाषा संबंधी शुद्धि और विषय संबंधी विस्तृत स्पष्टीकरण का अभाव दिखाई दिया।

## प्रश्न विशिष्ट टिपप्णी

### खंड 1

**अभ्यास 1, प्रश्न 1-6**

यह पाठांश एक कलाकार के बारे में था जो अल्यूमिनियम के तार के द्वारा अलग अलग आकार की कृतियों को जन्म देता है। अधिकांश परीक्षार्थियों ने **प्रश्न** 1 से 5 तक के प्रश्नों के सही उत्तर दिये। कुछेक परीक्षार्थियों ने **प्रश्न** 6 का उत्तर 'रोटी' के स्थान पर 'पैसा' लिखा जो ग़लत उत्तर था।

**अभ्यास 2, प्रश्न 7**

इस अभ्यास के भीतर परीक्षार्थियों को पाठांश में दी गई जानकारी को आवेदन पत्र में भरना था। आवेदक का पता लिखते समय ज़रूरी है कि परीक्षार्थी सही पता दें। सामान्यतः परीक्षार्थियों को आवेदक का पता लिखने में किसी विशेष कठिनाई का सामना करना नहीं पड़ा। लेकिन, एक बार फिर, इस वर्ष भी कुछेक परीक्षार्थियों ने पता सही क्रम में नहीं लिखा। इस बारे में परीक्षार्थियों को बताया गया था कि पहले घर का नंबर, फिर अपार्टमेंट का नाम और उसके बाद शहर का नाम लिखें।


www.theallpapers.com
© 2013

**अभ्यास 3, प्रश्न 8-10**

यह पाठांश बच्चों पर और बच्चों के व्यवहार को प्रभावित करने में माता पिता की भूमिका पर केन्द्रीत था। अधिकांश छात्रों ने इस अभ्यास में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

**प्रश्न 8** पहला शीर्षकः क्यों बच्चे अभद्र व्यवहार करते हैं, कोई तीन बिन्दु लिखिए। अधिकांश छात्रों ने तीन सही बिन्दु लिखे। कुछ परीक्षार्थी सिर्फ़ दो सही बिन्दु ही लिख पाए। इस ग़लती का प्रमुख कारण था कि परीक्षार्थियों ने दो बिन्दुओं को एक ही शीर्षक के तहत लिख दिया जिसके फलस्वरूप उन्हें तीसरे बिन्दु के लिए अंक नहीं मिला।

**प्रश्न 9** इस शीर्षक के तहत, माता-पिता की उन गतिविधियों के बारे में लिखना था जिनसे बच्चों में अंहकार की भावना पैदा होती है। अधिकांश परीक्षार्थी उन दो कारणों को जोड़ने में सक्षम नज़र आए।

**प्रश्न 10** यह प्रश्न था कि बच्चों के व्यवहार को सही दिशा देने के लिए विशेषज्ञों की राय को लिखें? इस शीर्षक के तहत परीक्षार्थियों को दो बिन्दु लिखने थे। बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने अधूरा जवाब लिखा और पूरे 2 अंक अर्जित करने में असफल रहे। कई परीक्षार्थियों ने पूरा वाक्य नहीं लिखा। उदाहरण के लिए परीक्षार्थियों ने सिर्फ़ इतना लिखा कि 'नियम बनाने चाहिए'।

**अभ्यास 4, प्रश्न 11**

सारांश अभ्यास में 6 अंक अंतर्वस्तु के लिए और 4 अंक भाषा के लिए उपलब्ध होते हैं। इस वर्ष अधिकांश परीक्षार्थी अभ्यास की अपेक्षा अनुसार भली भांति तैयार दिखाई दिए। कई परीक्षार्थियों ने सारांश अपने शब्दों में लिखा और भाषा के पूरे अंक अर्जित किए। अधिकांश छात्रों ने पाठांश से 5 और 6 सही बिन्दुओं को सहजता से लिखा। अधिकांश भाषा के लिए 3 अंक अर्जित करने में सफल रहे। बहुमत परीक्षार्थियों ने अपने उत्तर शब्द सीमा के भीतर लिखे। किन्तु बहुत कम छात्रों ने शब्द सीमा से अधिक शब्दों में सारांश लिखा जबकि कुछेक परीक्षार्थियों ने बिना प्रारूप को ध्यान में रखकर अपना सारांश लिखा।

## <u>खंड 2</u>

**अभ्यास 5, प्रश्न 12-18**

समस्त परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। छात्रों ने **प्रश्न 12-15** के उत्तर सफलतापूर्वक दिए। कुछेक परीक्षार्थियों ने 'सही' के बक्से पर निशान लगाने के बाद स्पष्टीकरण भी लिखा। जबकि प्रश्न के निर्देश में स्पष्ट लिखा गया था कि यदि वाक्य सही है तो स्पष्टीकरण देने की कोई आवश्यकता नहीं है। बहुमत परीक्षार्थियों ने **प्रश्न 16-18** के सही उत्तर दिए। कुछेक छात्रों ने प्रश्न कि वास्तविक मुकाबला किस से है उसका जवाब 'अपने आप से' के स्थान पर 'फॉस्ट फूड' लिखा जो ग़लत था।


www.theallpapers.com
© 2013

**अभ्यास 6**

इस वर्ष परीक्षार्थियों को अपने विद्यालय की पत्रिका के लिए फिल्म समीक्षा लिखना था और समझाना था कि क्यों उन्हें यह फिल्म पसंद या नापसंद आई। अधिकांश छात्रों ने सफलतापूर्वक अभ्यास किया। उच्चतम अंक प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को सार्थक बिन्दुओं को विस्तार से जोड़ना था और पर्याप्त स्पष्टीकरण देने थे ताकि स्पष्ट हो सके कि क्यों यह फिल्म देखनी चाहिए या नहीं। कई निबंध थे जिसके भीतर परीक्षार्थियों ने सिर्फ़ फिल्म की कहानी के बारे में लिखा और यह नहीं समझाया कि क्यों यह फिल्म देखनी चाहिए या नहीं देखनी चाहिए। प्रायः दिए गए स्पष्टीकरण साधारण स्तर के थे जैसेकि फिल्म मनोरंजक थी या फिल्म पैसा वसूल थी। कई उत्तरों में व्याकरण और वर्तनी की ग़लतियां ने दर्शाया कि लेखन के ये पहलू काफी कमज़ोर हैं। इस अभ्यास के लिए यह सुझाव है कि परीक्षार्थी अपने लेखन को लिखने के बाद अवश्य जाचं करें ताकि भाषा और व्याकरण संबंधी कमियों को सुधारा जा सके।


www.theallpapers.com
© 2013

# HINDI AS A SECOND LANGUAGE

**Paper 0549/02 Hindi version**
**Listening**

## सामान्य समीक्षा

इस परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए परीक्षार्थियों को चाहिए कि:–

- वे भली भांति स्पष्ट उत्तर लिखें जिससे उत्तर का अर्थ समझ में आ सके।
- अभ्यास 4 के प्रश्नों के उत्तर में सम्बन्धित विस्तार को लिखते समय सावधानी बरतें।

## विशेष टिप्पणी

अधिकांश परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा पूर्ण तौर पर भिन्न प्रकार से नजर आई। परीक्षार्थियों ने सभी प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास किया है। इस परीक्षा में सुन कर सही जानकारी देने के लिए अंक दिए गए हैं। इसी कारण उत्तर में शब्द विन्यास और व्याकरण की त्रुटियों पर ध्यान नहीं दिया गया है, जहां पर भाषा त्रुटि में अर्थ स्पष्ट नहीं है या शब्द का अर्थ बदल गया हो वहां पर अंक नहीं दिए गए हैं।

अभ्यास–1, प्रश्न : 1–6

अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्न 1,3,4 और 6 के उत्तर सही दिए हैं परन्तु कुछ परीक्षार्थियों को शब्द लिखने में कठिनाई आई है जिससे भिन्न–भिन्न प्रकार के शब्द विन्यास देखने को मिले। उन्हीं परीक्षार्थियों को अंक प्राप्त हुए हैं जिनका अर्थ ठीक प्रकार से समझ में आता है।

प्रचुर मात्रा में परीक्षार्थी प्रश्न 5 का उत्तर सही प्रकार से नहीं दे सके। उन्हें उत्तर में 'स्वागत केन्द्र' लिखना था परन्तु बहुत से परीक्षार्थी असमर्थ थे।


www.theallpapers.com
© 2013

अभ्यास–2, प्रश्नः 7 (i) – (viii)

बहुत से परीक्षार्थियों ने इन प्रश्नों के उत्तर बिल्कुल सही दिए। कुछ परीक्षार्थी शब्दों की कुंजी का सही प्रयोग न कर सके खास कर प्रश्न (i) (ii) (iv) और (viii) में।

अभ्यास–3, प्रश्नः 8–13

अधिकतर परीक्षार्थियों ने इस अभ्यास के प्रश्नों के उत्तर भली–भांति दिए। कुछ दुर्बल परीक्षार्थियों ने अनुमान से ही इन प्रश्नों के उत्तर दिए हैं।

अभ्यास–4, प्रश्नः 14–20

सामान्य तौर पर परीक्षार्थियों ने इन प्रश्नों का उत्तर देने में उचित प्रयास किया है परन्तु बहुत से परीक्षार्थी जो विस्तार देना चाहिए था वह न देने के कारण पूरे अंक प्राप्त नहीं कर सके। अधिकतर प्रश्नों के उत्तर में एक से अधिक विवरण देने की आवश्यकता थी। हालांकि, अधिकतर परीक्षार्थियों ने विस्तृत उत्तर दिए हैं किन्तु बहुत से परीक्षार्थियों द्वारा दिए गए इस अभ्यास के कुछ प्रश्नों के उत्तर या सभी प्रश्नों के उत्तर अधूरे थे जिस कारण वे अंक प्राप्त करने में असमर्थ रहे।

प्रश्न 14 में परीक्षार्थियों को 'सुगंध' और 'स्वाद' दोनों शब्द लिखने की आवश्यकता थी परन्तु बहुत से परीक्षार्थियों ने केवल एक ही लिखा और अंक प्राप्त नहीं कर सके।

प्रश्न 16(i) में सही उत्तर के लिए तीन शब्दों का प्रयोग अनिवार्य था 'बोद्ध' 'छात्र' और 'भिक्षुक'। बड़ी संख्या में परिक्षार्थियों ने एक अथवा दो शब्द ही लिखे।

प्रश्न 16(ii) में भी तीन शब्द 'पुर्तगाली' 'व्यापारी' और 'पादरी' अनिवार्य थे। पर कुछ परीक्षार्थी पूर्ण उत्तर न दे सके।

प्रश्न 19 के उत्तर में दो बातें मुख्य थीं: 'चाय सर्तकता को बढ़ाती है और तनाव कम करती है'। बहुत से परीक्षार्थियों ने दो में से एक ही उत्तर लिखा है।


www.theallpapers.com
© 2013